प्रेस हेतु सूचना नोट

(प्रेस विज्ञप्ति संख्या 23 / 2026)

तत्काल प्रकाशन हेतु

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

"डोमेस्टिक लीज्ड सर्किट्स (DLCs) के टैरिफ की समीक्षा" पर ट्राई के परामर्श पत्र पर टिप्पणियों एवं प्रत्युत्तर-टिप्पणियों की प्रस्तुति की अंतिम तिथि में विस्तार।

नई दिल्ली, 20 फरवरी, 2026 - भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने 23 जनवरी, 2026 को **"डोमेस्टिक लीज्ड सर्किट्स (DLCs) के टैरिफ की समीक्षा"** पर एक परामर्श पत्र जारी किया था। हितधारकों से इनपुट/टिप्पणियाँ प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि पूर्व में **22 फरवरी, 2026** निर्धारित की गई थी।

2. उपर्युक्त परामर्श पत्र पर इनपुट /टिप्पणियाँ प्रस्तुत करने हेतु उद्योग संघों एवं हितधारकों से समय-विस्तार के लिए प्राप्त अनुरोधों को ध्यान में रखते हुए, **लिखित टिप्पणियाँ तथा प्रत्युत्तर-टिप्पणियाँ प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि क्रमशः 2 मार्च, 2026 और 9 मार्च, 2026 तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है।**

3. टिप्पणियाँ/प्रत्युत्तर-टिप्पणियाँ, अधिमानतः इलेक्ट्रॉनिक रूप में, **श्री डी. मनोज, प्रधान सलाहकार (वित्तीय एवं आर्थिक विश्लेषण), TRAI** को **ईमेल आईडी: pradvfea@trai.gov.in** पर भेजी जा सकती हैं।

4. किसी भी स्पष्टीकरण/सूचना के लिए, **श्री डी. मनोज, प्रधान सलाहकार (वित्तीय एवं आर्थिक विश्लेषण), TRAI** से **दूरभाष संख्या +91-11-26701474** पर संपर्क किया जा सकता है।

अतुल चौधरी
20/2/26

(अतुल कुमार चौधरी)

सचिव